# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी,पीपाड़ शहर जोधपुर राज०

पीठासीन अधिकारी :– श्री नेमा राम, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– 109 / 2023

जीसीएमएस नं. :– 2023 / 136

प्रार्थी :–

भगाराम पुत्र दुर्गाराम जाति राईका निवासी चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थी :–

1. दुर्गाराम पुत्र चौथाराम जाति राईका निवासी चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
2. इन्द्रा पत्नि हड़मानराम जाति जाट निवासी बेनण तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
3. परमुड़ी पत्नि हमीरराम जाति जाट निवासी बेनण तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
4. गंगाराम पुत्र मानाराम
5. चेनाराम पुत्र मानाराम
6. बगदूदेवी पुत्री मानाराम
7. बाबुदेवी पुत्री मानाराम
8. बीजाराम पुत्र मानाराम
9. समुदेवी पत्नि मानाराम
10. हीरादेवी पुत्री मानाराम
11. रामुराम देवासी पुत्री सुजाराम
12. सुरजाराम पुत्र धोकलराम
जातियान राईका निवासीगण चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
13. सहीराम पुत्र घमण्डाराम जाति विश्नोई निवासी विष्णुनगर चौढ़ा
14. ओमाराम पुत्र उदाराम जाति कुम्हार
15. घेंवरराम पुत्र उदाराम जाति कुम्हार
16. भींयाराम पुत्र उदाराम जाति कुम्हार
निवासीगण चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
17. हीरपुरी पुत्र चिमनपुरी जाति स्वामी निवासी चौढ़ा
18. शंकरराम पुत्र मोडाराम जाति राईका निवासी चौढ़ा
19. सोहनलाल पुत्र घमण्डाराम जाति विश्नोई निवासी चौढ़ा
20. बेबी पत्नि किश्नाराम जाति जाट निवासी कूड़ तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
21. गुटीदेवी पत्नि भेराराम जाति जाट निवासी चौढ़ा

उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

22. नारायणराम पुत्र घीसाराम जाति कुम्हार निवासी चौढ़ा
23. ओमाराम पुत्र सिमुराम
24. गट्टु पुत्री सिमुराम
25. जगदीश पुत्र सिमुराम
26. झणकार पुत्री सिमुराम
27. ढगलाराम पुत्र सिमुराम
28. धरमा पुत्री सिमुराम
29. नर्बदा पुत्री सिमुराम
30. सुआ पत्नि सिमुराम

सभी जातियान बावरी निवासीगण चौढ़ा

31. भागुराम पुत्र लाबूराम
32. सुआ पत्नि लाबूराम
33. सीता पुत्री लाबूराम

सभी जातियान कुम्हार सभी निवासीगण चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।

34. पोकरराम पुत्र घमण्डाराम जाति विश्नोई निवासी विष्णु की ढाणी चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
35. थानाराम पुत्र घीसाराम जाति कुम्हार निवासी चौढ़ा
36. मीमादेवी पत्नि थानाराम जाति कुम्हार निवासी चौढ़ा
37. कुलदीप प्रजापत पुत्र राजु प्रजापत जाति कुम्हार निवासी बेनण
38. योगेश प्रजापत पुत्र राजु प्रजापत जाति कुम्हार निवासी बेनण
39. राजु प्रजापत पुत्र रामचन्द्र जाति कुम्हार निवासी चौढ़ा
40. सरपंच ग्राम पंचायत चौढ़ा पंचायत समिति पीपाड़ शहर।
41. राजस्थान जरीये तहसीलदार पीपाड़ शहर जिला जोधपुर ग्रामीण ।

<u>राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 एलआर एक्ट</u>

दर्ज तारीख :–15.06.2023

उपस्थित :

श्री फारूख खान सिन्धी अधिवक्ता प्रार्थीगण।

तहसीलदार पीपाड़ शहर, सरकारी पैरोकार।

उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

# आदेश

दिनांक : 05.03.2025

प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज. भू. राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है:- ग्राम चौढ़ा तहसील पीपाड़ शहर की राजस्व सीमा में प्रार्थी की एकल खातेदारी की कृषि भूमि खसरा नम्बर 316/4 रकबा 1.1326 हैक्टयर किस्म बारानी तृतीय आयी हुई हैं। जिसको आगे प्रार्थना पत्र में वादग्रस्त आराजी के नाम से सम्बोधित किया जायेगा। वादग्रस्त आराजी मौके पर रकबा कर होने के कारण प्रार्थी ने अपनी खातेदारी भूमि की पैमाईश के लिए तहसीलदार पीपाड़ शहर को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी खातेदारी भूमि की पैमाईश करवाई संबंधित तहसीलदार पीपाड़ शहर के आदेश कमांक सीमांकन/2022/2008 दिनांक 16.05.2022 की पालना में नाप चौप किया गया ओर उन्होने मौका फर्द में दर्शाया कि खेत खसरा नम्बर 316/4 की सीमाऐं सही जगह पर नही हैं इसलिए प्रार्थी की वादग्रस्त आराजी का रकबा कम हैं। वादग्रस्त आराजी का मूल खसरा नम्बर 316 था जिसमें वर्तमान में प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 01 से 39 खातेदार है। जिनके खसरा नम्बर अप्रार्थी संख्या एक का खसरा नम्बर 316/9 क्षेत्रफल 1.6180 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या दो व तीन का खसरा नम्बर 316/7 क्षेत्रफल 1.6180 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या चार से दस का खसरा नम्बर 316/14 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या ग्यारह व बारह का खसरा नम्बर 316 क्षेत्रफल 2.3623 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या तेरह का खसरा नम्बर 316/1 क्षेत्रफल 2.4270 हैक्टेयर व 316/16 क्षेत्रफल 0.1294 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या चौदह से सौलह का खसरा नम्बर 316/2 क्षेत्रफल 1.6180 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या सतरह का खसरा नम्बर 316/3 क्षेत्रफल 1.6180 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या अठारह का खसरा नम्बर 316/5 क्षेत्रफल 2.4270 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या उन्नीस का खसरा नम्बर 316/6 क्षेत्रफल 0.8090 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या बीस का खसरा नम्बर 316/8 क्षेत्रफल 2.4270 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या इक्कीस का खसरा नम्बर 316/10 क्षेत्रफल 2.2652 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या बाईस का खसरा नम्बर 316/11 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या तैबीस से तीस का खसरा नम्बर 316/12 क्षेत्रफल 1.9416 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या इकतीस से तैतीस का खसरा नम्बर 316/13 क्षेत्रफल 1.1326 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या चौतीस का खसरा नम्बर 316/15 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या पैतीस का खसरा नम्बर 316/17 क्षेत्रफल 1.2944 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या छतीस का खसरा नम्बर 316/18 क्षेत्रफल 0.8090 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या सैतीस से उन्चालीस का खसरा नम्बर 316/19 क्षेत्रफल 0.6472 हैक्टेयर व अप्रार्थी संख्या चालीस के खाते में दर्ज खसरा नम्बर 311 क्षेत्रफल 14.4083 हैक्टयर गै.मु. गौचर इन्द्राज है। प्रार्थी ने उक्त प्रार्थना पत्र में मूल खसरा नम्बर 316 के विभाजन के पश्चात् 316 के जो भी खातेदार काश्तकार है एवं सभी का मौके पर कब्जा है परन्तु मूल खसरे की नाप व पैमाईश होने पर ही पता चलेगा कि कौनसे खातेदार के पास

उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

राजस्व रेकर्ड से अधिक रकबे पर कब्जा है जिससे मूल खसरा नम्बर 316 का न्यायहित में नाप चौप किया जाना अति आवश्यक है जिससे प्रार्थी को अपनी रेकर्ड में इन्द्राजसुदा भूमि प्राप्त हो सके । अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर श्रीमान न्यायालय हाजा से विन्रम निवेदन है कि ग्राम चौढ़ा में स्थित मूल खसरा नम्बर 316 व वादग्रस्त आराजी 316/4 व पास में वादग्रस्त आराजी के चिपते हुए स्थित ग्राम पंचायत चौढ़ा के खाते इन्द्राज खसरा नम्बर 311 का नाप चौप किया जाकर प्रार्थी की वादग्रस्त आराजी खसरानम्बर 316/4 की सीमा कायम करवाई जाकर मौके पर पत्थरगढ़ी/मुण्डागढ़ी करने का आदेश तहसीलदार पीपाड़ शहर को फरमावें।

हमने प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगणो को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थीगणों 1 से 40 के सम्मन बाद तामिल प्राप्त होने पर अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। अप्रार्थी सं. 41 तहसीलदार पीपाड़ शहर ने जवाब प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी के खसरा नम्बर 316/4 की पत्थरगढ़ी की जाती हैं तो कोई आपति नही हैं।

हमने बहस वकील प्रार्थी सुनी गयी, वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में दिये गये बिन्दुओ को दोहराते हुए निवेदन किया है कि ग्राम चौढ़ा में स्थित मूल खसरा नम्बर वादग्रस्त आराजी 316/4 की पत्थरगढ़ी किये जाने का निवेदन किया हैं।

हमने बहस वकील प्रार्थी सुनी, पत्रावली का अवलोकन किया जाकर तहसीलदार पीपाड़ शहर को आदेश दिया जाता है कि राजस्व ग्राम चौढ़ा के खसरा नम्बर 316/4 का टीम गठित कर नापचौप कर पत्थरगढ़ी करावे । इस बाबत् नियमानुसार शुल्क प्रार्थी राजकीय कोष में जमा करवायेगें। तहरीर जारी हो, बाद पत्थरगढ़ी पालना रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें।

(नेमा राम)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू–अभिलेख अधिकारी,
पीपाड़ शहर

आदेश आज दिनांक 05.03.2025 को सर–ए–इजलास में सुनाया गया ।

(नेमा राम)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू–अभिलेख अधिकारी,
पीपाड़ शहर